रजिस्ट्री सं. डी. (डी. एन.)—73

REGISTERED NO. D. (D N.)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 16] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 19, 1986/चैत्र 29, 1908
No. 16] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 19, 1986/CHAITRA 29, 1908

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 7 अप्रैल, 1986

सूचना

का. आ. 1540.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्रीमती यश छिब्बर, एडवोकेट ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे दिल्ली राज्य में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्त किया जाए ।

2. उक्त व्यक्ति की नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए ।

[सं. 5(39)/86-न्या.]

आर. एन. पोद्दार, सक्षम प्राधिकारी

MINISTRY OF LAW & JUSTICE

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 7th April, 1986

NOTICE

S.O. 1540.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries Rules, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Mrs. Yash Chhibber, Advocate for apopintment as a Notary to practise in Delhi.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(39)/86-Judl.]

R. N. PODDAR, Competent Authority

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 8 अप्रैल, 1986

का.आ. 1541.—सार्वजनिक परिसर (अवैध कब्जा बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद् द्वारा निम्नांकित सारणी के कालम (1) में उल्लिखित अधिकारी को, भारत सरकार का एक राजपत्रित अधिकारी होने के नाते उक्त अधिनियम के प्रयोजन के लिए संपदा अधिकारी नियुक्त करती है और आगे निदेश देती है कि यह अधिकारी सारणी के कालम (2) में विनिर्दिष्ट सार्वजनिक परिसर के संबंध में उक्त अधिनियम के द्वारा अथवा उसके अधीन संपदा अधिकारी को इस संबंध में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग तथा कर्तव्यों का निष्पादन करेगा :—

अधिकारी का पद	सार्वजनिक परिसरों की श्रेणियां
1	2
सहायक निदेशक (प्रशासन) महानिदेशक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, नई दिल्ली ।	संपदा निदेशालय द्वारा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल महानिदेशालय को सौंपे गए केन्द्रीय पूल आवास सहित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल महानिदेशालय, नई दिल्ली से संबंधित सार्वजनिक भवन या उसके पर

1	2
	लिए गए या अधिग्रहीत किए गए या उनकी ओर से लिए गए सरकारी भवन

[सं. ए-2-6/86-प्रशा. 3/के.रि.पु.ब./ग्रु.मं./एफ पी-4]
वी. के. जैन, संयुक्त सचिव ।

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 8th April, 1986

S.O. 1541.—In exercise of the powers conferred by section 3 of the Public Premises (Eviction of unauthorised Occupants) Act, 1971 (40 of 1971), the Central Government hereby appoints the Officer mentioned in the column (1) of the Table below being a Gazetted officer of the Government of India, to be the state officer for the purposes of the said Act, and further directs that the said Officer shall exercise the powers conferred, and perform the duties imposed, on estate officers by or under the said Act in respect of the public premises specified in column (2) of the said Table :—

TABLE

Designation of the officer	Categories of the public premises
1	2
Assistant Director Administration), Directorate General, Central Reserve Police Force, New Delhi.	Public premises belonging to or taken on lease requisitioned by or on behalf of the Directorate General, Central Reserve Police Force, New Delhi including the General Pool accommodation placed at the disposal of the Directorate General, Central Reserve Police Force by the Directorate of Estates in Delhi/New Delhi.

[No. A-II-6/86-Adm-3/CRPF/MHA/F.P. IV]

V. K. JAIN Jt. Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

नई दिल्ली, 3 मार्च, 1986

आयकर

का. आ. 1542.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80 छ की उपधारा (2) (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा, "मायलापोर, मद्रास स्थित दि श्री वलीश्वर मन्दिर/देवस्थानम्, मद्रास" को ऐतिहासिक महत्व के स्थान के रूप में अधिसूचित करती है ।

[सं. 6611 (फा.सं. 176/76/85-आ.क.नि. 1)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

New Delhi, the 3rd March, 1986

(INCOME-TAX)

S.O. 1542.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Sction 80-G of thee Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "The Sri Valleeswarar Temple|Devasthanam, at Mylapore, Madras as a place of historic importance.

[No. 6611(F. No. 176/76/85-IT(AI)]

का. आ. 1543.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80-छ की उपधारा (2) (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा, "श्री आत्मानाथ सामी मंदिर, तिरूप्परून्तुरै, तमिलनाडु" को समस्त तमिलनाडु राज्य में विख्यात सार्वजनिक पूजा स्थल अधिसूचित करती है ।

[सं. 6610 (फा. सं. 176/48/85-आ.क. नि.-1)]

S.O. 1543.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of Section 80-G of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies the "Sri Athmanathasamy Temple at Thirupperunthurai, Tamil Nadu" as a place of public worship renown throughout the State of Tamil Nadu.

[No. 6610/F. No. 176/48/85-IT(AI)]

केन्द्रीय प्रत्यक्षकर बोर्ड

नई दिल्ली, 28 फरवरी, 1986

(आयकर)

का.आ. 1544:—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 121 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड दिनांक 29-10-1981 को अपनी अधिसूचना सं. 4286 (फा.सं. 187/30/81-आ.क. (नि.-1) के साथ संलग्न अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करता है :—

(1) क्र. सं. 9ख के सामने कालम 2, 3 तथा 4 की प्रविष्टियों का विलोप किया जाता है ।

(2) क्र.सं. 9 तथा 9क के सामने कालम 2, 3 तथा 4 की प्रविष्टियां निम्न प्रकार से प्रतिस्थापित की जाती हैं :—

क्र. सं.	आयकर आयुक्त	मुख्यालय	क्षेत्राधिकार
1	2	3	4
9.	दिल्ली (केन्द्रीय)-1	नई दिल्ली	केन्द्रीय परिमण्डल-1, 2, 4, 5, 6, 11, 12, 13, 14, 15, 18, 19, और 20
9क	दिल्ली (केन्द्रीय)-2	नई दिल्ली	केन्द्रीय परिमण्डल-3, 7, 8, 9, 10, 16, 17, 21, 22, 25 तथा 26

यह अधिसूचना 1-3-1986 से लागू होगी ।

[सं. 6607 (फा.सं. 187/2/86-आई. टी. ए-1]

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 28th February, 1986

(INCOME-TAX)

S.O. 1544.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 121 of Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes makes the following amendments to the Schedule appended to its Notification No. 4286 dated 29-10-1981 (F.No.187/30/81-IT(AT):—

(1) Entries in Col. 2, 3 & 4 against S.No. 9B are deleted.

(2) Entri s in Col. 2, 3 & 4 against S.No. 9 and 9A are substituted as under:—

S. No.	Commissioner of Income-tax	Headquarters	Jurisdiction
1	2	3	4
9.	Delhi (Central)—I	New Delhi	Central Circles-I, II, IV, V, VI, XI, XII, XIII, XIV, XV, XVIII, XIX & XX.
9A.	Delhi (Central)—II	New Delhi	Central Circles-III, VII, VIII, IX, X, XVI XVII, XXI, XXII, XXV & XXVI.

This notification shall take effect from 1-3-1986.

[No. 6607 (F.No.187/7/86-IT(AI)]

नई दिल्ली, 5 मार्च, 1986

शुद्धिपत्र

(आयकर)

का. आ. 1545.—आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 121 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड दिनांक 1-3-1986 की अधिसूचना संख्या 6607 के संबंध में निम्नलिखित शुद्धि-पत्र जारी करता है :—

के लिए

"यह अधिसूचना 1-3-1986 से लागू होगी ।"

पढ़िए

"यह अधिसूचना 1-4-1986 लागू होगी ।"

[संख्या 6612 (फा.सं. 187/2/86-आ.क.नि.-1)]

आर. के. तिवारी, अवर सचिव

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

New Delhi the 5th March

CORRIGENDUM

(INCOME-TAX)

S.O. 1545:—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 121 of the Income-tax Act, 1961, the Central Board of Direct Taxes issues the following corrigendum in respect of Notification No. 6607 dated 1-3-1986.

FOR	READ
'This notification shall take effect from 1-3-1986.'	'This notification shall take effect from 1-4-1986.'.

No. 61612(F. No. 187/2/86-IT (AI)]

R.K. TEWARI, Under Secy.

Central Board of Direct Taxes

नई दिल्ली, 4 मार्च, 1986

आदेश

स्टाम्प

का. आ. 1546.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा महाराष्ट्र राज्य वित्तीय निगम, बम्बई को मात्र दो लाख अट्ठासी हजार सात सौ पचास रुपये के समेकित स्टाम्प शुल्क की अदायगी करने की अनुमति देती है जो उक्त निगम द्वारा मात्र तीन करोड़ पचासी लाख रुपये के अंकित मूल्य के ऋणपत्रों के रूप में जारी किए जाने वाले बंधपत्रों "9 प्रतिशत एम. एस. एफ.सी. बंधपत्र 2000 (तृतीय श्रृंखला)" पर स्टाम्प शुल्क के कारण प्रभार्य है ।

[सं. 16/86-स्टाम्प (फा. सं. 33/18/85-वि.क.)]

बी. आर. मेहमी, अवर सचिव

New Delhi, the 4th April, 1986

ORDER

STAMPS

S.O. 1546.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (1) of Section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby permits the Maharashtra State Financial Corporation, Bombay to pay consolidated stamp duty of rupees two lakhs and eighty-eight thousand, seven hundred and fifty only, chargeable on account of the stamp duty on "9 per cent M.S.F.C. Bonds 2000 (III Series)" being bonds in the form of debentures of the face value of rupees three crores and eighty-five lakhs only to be issued by the said Corporation.

[No. 1686-Stamps-F. No. 33/18/85-ST]

B. R. MEHMI, Under Secy.

समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण

नई दिल्ली, 14 अप्रैल, 1986

का.आ. 1547.— समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण, तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (संपत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976 (1976 का 13) की धारा 12 की उपधारा (7) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाता है, अर्थात् :

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1986 है।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो

(क) 'अधिनियम' से तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976 (1976 का 13) अभिप्रेत है;

(ख) "अपील" से अधिनियम की धारा 12 की उपधारा (4) के अधीन की गई अपील अभिप्रेत है ;

(ग) "अपीलार्थी" से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो सक्षम प्राधिकारी के आदेश से व्यथित होकर अधिकरण को अपील करता है, और इसके अन्तर्गत अपीलार्थी का प्राधिकृत प्रतिनिधि भी है ;

(घ) "प्राधिकृत प्रतिनिधि" से निम्नलिखित अभिप्रेत है ,

(i) किसी अपीलार्थी के संबंध में,

(अ) कोई व्यक्ति जो अपीलार्थी का संबंधी है या अपीलार्थी के नियमित नियोजन में है या था, और जो अपीलार्थी द्वारा अधिकरण के समक्ष हाजिर होने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया है; या

(आ) भारत में किसी सिविल न्यायालय में विधि व्यवसाय करने का हकदार कोई विधि व्यवसायी जिसे

अपीलार्थी द्वारा अधिकरण के समक्ष हाजिर होने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया है ;

या

(इ) कोई लेखापाल जो चार्टर्ड अकाउन्टेंट अधिनियम, 1949 (1949 का 38) की धारा 3 के अधीन गठित इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउन्टेंट आफ इंडिया का या लागत और संकर्म अकाउन्टेंट अधिनियम 1959 (1959 का 23) की धारा 3 के अधीन गठित इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एण्ड वर्क्स एकाउन्टेंट आफ इंडिया का सदस्य है तथा जिसे अपीलार्थी द्वारा अधिकरण के समक्ष हाजिर होने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया है ; या

(ii) किसी सक्षम प्राधिकारी के संबंध में, जो अधिकरण के समक्ष किसी कार्यवाही में एक पक्षकार है :—

(अ) केन्द्रीय सरकार का कोई विधि अधिकारी ;

(आ) केन्द्रीय सरकार का सरकारी अधिवक्ता या स्थायी परामर्शी, वह किसी भी नाम से ज्ञात हो ;

(इ) केन्द्रीय सरकार का कोई अधिकारी जिसे केन्द्रीय सरकार ने राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस निमित्त अधिसूचित किया है ;

(ई) कोई विधि व्यवसायी या केन्द्रीय सरकार का अधिकारी जो केन्द्रीय सरकार या सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया गया है ;

(उ) कोई विधि व्यवसायी या केन्द्रीय सरकार का अधिकारी जो इस प्रकार अधिसूचित या प्राधिकृत किसी व्यक्ति की ओर से कार्य कर रहा है ;

(ङ) 'न्यायपीठ' से धारा 12 की उपधारा (6) या (6क) के अधीन गठित अधिकरण की न्यायपीठ अभिप्रेत है ;

(च) 'अध्यक्ष' से अधिकरण का अध्यक्ष अभिप्रेत है ;

(छ) 'सक्षम प्राधिकारी' से धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) में परिभाषित सक्षम प्राधिकारी अभिप्रेत है;

(ज) 'विधिक प्रतिनिधि' से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो मृत व्यक्ति की सम्पदा का विधितया प्रतिनिधित्व करता है, और इसके अंतर्गत वह व्यक्ति भी है जिसे अधिकरण अपने समक्ष लम्बित कार्यवाहियों में मृत व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करने वाला मानता है;

(झ) "सदस्य" से अधिकरण का सदस्य अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत अध्यक्ष भी है।

(ञ) किसी अपील के संबंध में "पक्षकार" से अपीलार्थी, या प्रत्यर्थी अभिप्रेत है और "पक्षकारों" पद का अर्थ अपीलार्थी और प्रत्यर्थी लगाया जाएगा ;

(ट) "रजिस्ट्रार" से अधिकरण का रजिस्ट्रार अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत ऐसा अन्य अधिकारी भी है जिसे अध्यक्ष ने रजिस्ट्रार के कृत्यों का निर्वहन करने के लिए प्राधिकृत किया है ;

(ठ) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है ;

(ड) "अधिकरण" से धारा 12 की उपधारा (1) के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा गठित समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण अभिप्रेत है ।

3. अधिकरण की भाषा—(1) अधिकरण के समक्ष सभी अभिवचन, अपीलार्थी के विकल्पानुसार, अंग्रेजी अथवा हिन्दी में हो सकते हैं ।

(2) अधिकरण के सभी आदेश और अन्य कार्यवाहियां, अधिकरण के विकल्पानुसार, अंग्रेजी या हिन्दी में हो सकते हैं ।

4. अधिकरण का मुख्यालय आदि—(1) अधिकरण का मुख्यालय नई दिल्ली में होगा ।

(2) सभी अपीलों और अर्जियों की सुनवाई सामान्यतया मुख्यालय पर की जाएंगी या अध्यक्ष के विवेकानुसार मुम्बई, मद्रास, कलकत्ता या किसी अन्य स्थान पर की जा सकती है ।

(3) अधिकरण का कार्यालय ऐसे अवकाश दिनों और अन्य अवकाश दिनों को बन्द रहेगा जिन दिनों केन्द्रीय सरकार के अन्य कार्यालय बन्द रहते हैं ।

5. अपील और अर्जियां दाखिल करने की प्रक्रिया

(1) अधिनियम की धारा 7 या धारा 9 की उप-धारा (1) या धारा 10 के अधीन आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति अधिकरण को अपील कर सकता है और अपील का ज्ञापन इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप में होगा ।

(2) अपील का ज्ञापन अंग्रेजी या हिन्दी में होगा और उसमें अपील के आधार संक्षेप में और विभिन्न शीर्षों के अधीन, किसी तर्क या विवरण के बिना, दिए जायेंगे और ऐसे आधारों को क्रमानुसार संख्यांकित किया जाएगा ।

(3) अपील का ज्ञापन और अर्जी चार प्रतियों में होगी और अपील के ज्ञापन की दशा में उसके साथ उस आदेश की जिसके विरुद्ध अपील की गई है, चार प्रतियां होंगी तथा उनमें से एक प्रति ऐसे आदेश की प्रमाणित प्रति या अपीलार्थी पर तामील किया गया आदेश होगी ।

(4) उपनियम (1) में यथाविनिर्दिष्ट, इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूपों में क्रम सं. 5 पर दिया गया पता, अपीलार्थी का "रजिस्ट्रीकृत पता" कहलाएगा और जब तक उसमें अधिकरण को दिए गए आवेदन द्वारा, सम्यक रूप से परिवर्तन नहीं कर दिया जाता वह अपील तथा अन्य संबंधित कार्यवाहियों में, जब तक कि अपील का अंतिम रूप से अवधारण नहीं हो जाता और उसके पश्चात् दो वर्ष की अवधि तक, सभी सूचनाओं, आदेशिकाओं और अन्य संसूचनाओं को तामील के प्रयोजन के लिए अपीलार्थी का पता समझा जाएगा ।

(5) प्रत्येक अपील में सक्षम प्राधिकारी को, जिसने वह आदेश पारित किया है जिसके विरुद्ध अपील की गई है, एक प्रत्यर्थी के रूप में पक्षकार बनाया जाएगा ।

(6) अपील का ज्ञापन अपीलार्थी द्वारा स्वयं या जहां एक से अधिक अपीलार्थी हैं वहां उनमें से ऐसे किसी एक के द्वारा या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा रजिस्ट्रार के समक्ष या ऐसे अन्य अधिकारी के समक्ष जो अध्यक्ष द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किया जाए, प्रस्तुत किया जाएगा या रजिस्ट्रार को संबोधित रजिस्ट्री डाक से भेजा जा सकेगा ।

स्पष्टीकरण—इस उपनियम में, "प्राधिकृत प्रतिनिधि" पद के अन्तर्गत अपीलार्थी की ओर से हाजिर होने के लिए प्राधिकृत किए गए किसी विधि व्यवसायी या अकांउन्टेंट के नियोजनाधीन कोई व्यक्ति भी है।

(7) जब अपील का ज्ञापन रजिस्ट्री डाक से भेजा जाता है तब उक्त ज्ञापन की अधिकरण के कार्यालय पर पहुंच की तारीख अपील दाखिल करने की तारीख होगी और रजिस्ट्रार अपील के प्रत्येक ज्ञापन पर वह तारीख पृष्ठांकित करेगा जिसको वह अधिकरण के कार्यालय पर प्रस्तुत किया जाता है या प्राप्त होता है तथा पृष्ठांकन पर हस्ताक्षर करेगा।

(8) जब अपील अपीलार्थी पर तामील किए गए आदेश की प्राप्ति के 45 दिन की समाप्ति के पश्चात किन्तु साठ दिन के अपश्चात दाखिल की जाती है तब उसके साथ एक शपथ पत्र से असमर्थित आवेदन होगा जिसमें उन तथ्यों का अधिकथन होगा जिन पर अपीलार्थी अधिकरण का यह समाधान करने के लिए निर्भर करता है कि पैंतालीस दिन के भीतर अपील न दाखिल करने के लिए पास उसके पास पर्याप्त हेतुक था ।

(9) अधिकरण के समक्ष दाखिल की गई प्रत्येक अर्जी के साथ, जिसके अंतर्गत रोकने की अर्जी भी है किन्तु औपचारिक या नेमी प्रकृति की अर्जियां नहीं हैं, एक शपथपत्र होगा और ऐसी दस्तावेजों की प्रतियां भी होंगी जिन पर वह अर्जी के समर्थन के लिए निर्भर है ।

6. अपीलों को रजिस्टर करने की प्रक्रिया—(1) सक्षम प्राधिकारी के आदेश की तामील के पैंतालीस दिन के भीतर दाखिल प्रत्येक अपील ज्ञापन जो इन नियमों से उपाबद्ध प्रारूप में हो और अन्यथा सही हो, इस प्रयोजन के लिए रखी गई बही में रजिस्टर किया जाएगा जो अपील रजिस्टर कहलाएगी और रजिस्ट्रार तदनुसार अपीलार्थी या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि को संसूचित करेगा ।

(2) यदि उप नियम (1) के अंतर्गत दाखिल किया गया अपील ज्ञापन त्रुटिपूर्ण है किन्तु त्रुटियां गौण या तकनीकी प्रकृति की हैं तो रजिस्ट्रार अपील को अनन्तिम आधार पर रजिस्टर करेगा और अपीलार्थी को उन त्रुटियों को उतने समय के भीतर, जो विनिर्दिष्ट की जाए, दूर करने के लिए कहेगा और ऐसी विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर त्रुटियां दूर कर दिए जाने पर रजिस्ट्रीकरण अनन्तिम नहीं रहेगा और अपील उपनियम (1) के अधीन नियमित रूप से रजिस्टर की गई समझी जाएगी।

(3) जब अपील का ज्ञापन सक्षम प्राधिकारी के आदेश की तामील की तारीख से पैंतालीस दिन की समाप्ति पर किन्तु साठ दिन के भीतर दाखिल किया जाए और वह अन्यथा सही हो, तथा उसके साथ विलंब को माफ करने के लिए अर्जी दी गई है, तो उसे इस बात के अधीन रहते हुए अनन्तिम रूप से संख्यांकित और रजिस्टर किया जाएगा कि अधिकरण को, प्रत्यर्थी को सूचना देने के पश्चात् और पक्षकारों को सुनने के पश्चात यदि यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी समय पर अपील दाखिल करने में पर्याप्त कारणों से निवारित रहा था और अधिकरण विलंब को माफ कर देता है और तब रजिस्ट्रीकरण अनन्तिम नहीं रहेगा और अपील का निपटारा इस प्रकार किया जाएगा मानो वह उपनियम (1) के अधीन रजिस्टर की गई थी ।

(4) जब अपील का ज्ञापन सक्षम प्राधिकारी के आदेश की तामील के पश्चात् पैंतालीस दिन की समाप्ति के पश्चात किन्तु साठ दिन की अवधि के भीतर दाखिल किया जाता है और उसके साथ विलंब को माफ करने की अर्जी नहीं दी जाती है तो रजिस्ट्रार अपील को अनन्तिम रूप से रजिस्टर कर सकता है और अपीलार्थी से, ऐसी अवधि के भीतर जो विनिर्दिष्ट की जाए, विलम्ब को माफ करने की अर्जी दाखिल करने के लिए कह सकता है और इस प्रकार की अर्जी प्राप्त होने की दशा में उसका निपटारा इस प्रकार किया जाएगा मानो वह अपील के ज्ञापन के साथ प्राप्त हुई थी और तब अपील का निपटारा अधिनियम (3) में विहित रूप से किया जाएगा।

(5) यदि इस निमित्त विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर त्रुटियों को दूर नहीं किया जाता है या विलंब की माफी के लिए अर्जी दाखिल नहीं की जाती है तो मामला अधिकरण के समक्ष उसके आदेश के लिए रखा जाएगा ।

(6) यदि अपील के ज्ञापन की सारभूत विशिष्टियों में त्रुटि हो तो रजिस्ट्रार त्रुटियों को विनिर्दिष्ट कर सकता है और अपील के ज्ञापन को संशोधन करने के लिए तथा सुधार करने के पश्चात पुनः प्रस्तुत करने के लिए वापिस कर सकता है और जब अपील का ज्ञापन पुनः प्रस्तुत किया जाता है तो उसका निपटारा इन नियमों के अनुसार किया जाएगा।

(7) जब अपील का ज्ञापन प्रथम दृष्टया सक्षम प्राधिकारी के आदेश की तामील की तारीख से साठ दिन से अधिक के पश्चात दाखिल किया गया प्रतीत हो तो अपील रजिस्टर नहीं की जाएगी अपितु रजिस्ट्रार अपीलार्थी से यह हेतुक दर्शित करने की अपेक्षा करेगा कि अपीलार्थी कालातीत होने के कारण खारिज क्यों नहीं कर दी जाए।

(8) देरी की माफी का प्रत्येक आवेदन और समय के पश्चात् दाखिल किया गया प्रत्येक अपील का ज्ञापन अध्यक्ष के समक्ष रखा जाएगा जो आवेदन/अपील को अधिकरण के समक्ष उसके आदेशों के लिए रखे जाने का निदेश दे सकेगा ।

7. अपील के रजिस्ट्रीकरण के पश्चात प्रक्रिया—(1) अपील रजिस्ट्रीकृत हो जाने के पश्चात अपील के ज्ञापन और उसके उपाबंधों की एक प्रति, यथाशीघ्र, सक्षम प्राधिकारी को या तो पावती पत्र सहित रजिस्ट्री डाक से भेजकर या संदेशवाहक के माध्यम से तामील की जाएगी तथा पक्षकारों से सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर, या ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर जो अनुज्ञात की जाए अपनी पेपर बुक दाखिल करने की अपेक्षा की जाएगी ।

(2) प्रत्येक पक्षकार अपनी पेपर बुक की चार प्रतियां दाखिल करेगा—

(i) जो सुपाठ्य रूप से टाइप की गई या किसी यांत्रिक साधन से अन्यथा तैयार की गई होगी;

(ii) जिसमें वे सभी दस्तावेज होंगी जिन पर पक्षकार सुनवाई के अनुक्रम में निर्भर रहना चाहता है;

(iii) जिसमें केवल ऐसी दस्तावेजों और ऐसी सामग्री होगी जो सक्षम प्राधिकारी के समक्ष विनिष्ट या प्रस्तुत की गई हो या जिस पर निर्भर किया गया हो ;

(iv) जिसके पृष्ठ क्रमानुसार संख्यांकित होंगे; और ;

(v) जिसमें पूरी विषय-सूची या विषय धारणी होगी।

(3) यदि उपनियम (2) में निर्दिष्ट पेपर बुक में कोई दस्तावेज अंग्रेजी से या हिन्दी से भिन्न भाषा में है तो उसका अंग्रेजी या हिन्दी में सही अनुवाद भी जोड़ा जायेगा ।

(4) पक्षकारों को पावती पत्र सहित रजिस्ट्री डाक से या संदेशवाहक के माध्यम से सूचना तामील करके अपील की सुनवाई की तारीख और समय पक्षकारों को सूचित किया जायेगा।

परन्तु यदि पक्षकार अधिकरण के समक्ष हाजिर हैं तो अधिकरण उन्हें अपील की सुनवाई की तारीख और समय मौखिक रूप से सूचित कर सकता है ।

(5) साक्षियों या दस्तावेजों को समन करने के लिये किसी अर्जी पर, यदि आवश्यक हो तो, अन्य पक्षकार को सूचना देने के पश्चात् सुनवाई की जा सकती है ।

(6) अधिकरण द्वारा जारी की जाने वाली प्रत्येक अभ्यपेक्षा निर्देशपत्र, प्राधिकार पत्र या लिखित सूचना पर रजिस्ट्रार हस्ताक्षर करेगा और वह पावती पत्र सहित रजिस्ट्री डाक से या सन्देशवाहक के माध्यम से भेजा जायेगा या भेजी जाएगी ।

8. अपीलों की संयुक्त सुनवाई और निष्पादन : अधिकरण, जब भी वह ऐसा करना आवश्यक या समीचीन समझता है, एक या अधिक अपीलों की सुनवाई एक साथ कर सकता है और उनका निष्पादन एक ही आदेश द्वारा कर सकता है ।

9. अपील के आधार: अपीलार्थी अधिकरण की अनुमति के सिवाय, ऐसे किसी आधार के समर्थन में, जो अपील के ज्ञापन में अधिकथित नहीं है, न तो तर्क कर सकता है और न सुना जायेगा, किन्तु अधिकरण अपील का विनिश्चय करने में, केवल उन आधारों तक स्वयं को सीमित नहीं रखेगा जिन्हें अपील के ज्ञापन में उपवर्णित किया गया है या जिनके लिये इस नियम के अधीन अधिकरण की अनुमति प्राप्त की गई है :

परन्तु अधिकरण अपना विनिश्चय अपील के ज्ञापन में वर्णित आधारों से भिन्न किसी ऐसे आधार पर तब तक नहीं करेगा जब तक कि उस पक्षकार को जो उससे प्रभावित हो सकता है, उस आधार पर सुनवाई का उचित अवसर प्रदान नहीं कर दिया जाता है

10. स्थगन—अधिकरण किसी मामले की सुनवाई किसी अन्य तारीख के लिये स्थगित कर सकेगा और पक्षकारों को मामले की सुनवाई की की आगामी तारीख और स्थान से सूचित करेगा।

11. अपीलार्थी के व्यतिक्रम के कारण अपील का खारिज किया जाना--यदि सुनवाई के लिये नियत किये गये दिन या किसी अन्य दिन जिस को सुनवाई स्थगित की गई हो, अपीलार्थी अपील की सुनवाई के के लिये पुकार किये जाने पर हाजिर नहीं होता है, तो अधिकरण व्यतिक्रम के कारण अपील को खारिज कर सकता है या उसकी एक पक्षीय सुनवाई के लिये अग्रसर हो सकता है।

परन्तु जहां अपील व्यतिक्रम के कारण खारिज की गई हो या उस पर एक पक्षीय कार्यवाही की गई हो और अपीलार्थी तत्पश्चात् हाजिर हो जाता है और अधिकरण का यह समाधान कर देता है कि सुनवाई के लिये पुकार किये जाने के समय उसके हाजिर न होने के लिये पर्याप्त हेतुक था, तो अधिकरण, प्रत्यर्थी को सूचना देने के पश्चात् खारिजी के आदेश को या एक पक्षीय कार्यवाही को अपास्त कर सकता है और अपील को उसके मूल संख्यांक पर पुनः रख सकता है।

12. मृत्यु, दीवालियापन आदि का अपील पर प्रभाव: (1) अपीलार्थी की मृत्यु या उसके दीवालिया न्यायनिर्णित किये जाने मात्र के कारण अपील उपशमित नहीं होगी।

(2) अधिकरण मृत अपीलार्थी के विधिक प्रतिनिधि द्वारा इस निमित्त आवेदन किये जाने पर उसे पक्षकार बना सकता है और अपील में आगे कार्रवाई कर सकता है।

(3) यदि अपीलार्थी की मृत्यु के नब्बे दिन के भीतर या ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर जो अधिकरण मृत अपीलार्थी के विधिक प्रतिनिधि को अभिलेख कर लाने के लिये अनुज्ञात करे, कोई आवेदन नहीं किया जाता है तो अपील उपशमित हो जायेगी।

(4) अपीलार्थी के दीवालिया हो जाने पर अपील लेनदारों के फायदे के लिये समनुदेशिती या रिसीवर द्वारा जारी रखी जा सकेगी तथा यदि समनुदेशिती या रिसीवर अपील को जारी रखने में असफल रहता है तो अधिकरण स्वप्रेरणा से या प्रत्यर्थी के आवेदन पर अपील को खारिज कर सकता है।

13. अधिकरण द्वारा मामले का प्रतिप्रेषण—(1) अधिकरण, जब भी वह आवश्यक समझे, सक्षम प्राधिकारी के किसी आदेश को अपास्त कर सकता है और मामले को ऐसे निदेशों को ध्यान में रखते हुए जैसे वह दे, पुनः अवधारण के लिये सक्षम प्राधिकारी को प्रतिप्रेषित कर सकता है।

(2) अधिकरण यदि कार्यवाई के किसी अनुक्रम पर आवश्यक समझता है तो, ऐसे विषयों पर जो वह विनिर्दिष्ट करे, सक्षम प्राधिकारी से रिपोर्ट या उसके निष्कर्ष मांग सकता है।

(3) उप नियम (2) के अधीन निर्दिष्ट किसी ऐसी रिपोर्ट या निष्कर्ष की प्रति पक्षकारों को दी जायेगी और इसके पूर्व कि अधिकरण अंतिम आदेशों की घोषणा करे, उन पर पुनः सोचा जायेगा।

14. अधिकरण के समक्ष अतिरिक्त साक्ष्य प्रस्तुत करना--(1) पक्षकार, अधिकरण के समक्ष अतिरिक्त साक्ष्य, चाहे वह मौखिक हो या दस्तावेजी, प्रस्तुत करने के हकदार नहीं होंगे किन्तु निम्नलिखित दशाओं में अधिकरण ऐसा साक्ष्य या दस्तावेज प्रस्तुत करने या साक्षियों की परीक्षा करने की अनुज्ञा दे सकता है, अर्थात्:--

(क) जहां सक्षम प्राधिकारी ने, जिसके आदेश के विरुद्ध अपील दाखिल की गई है, किसी ऐसे साक्ष्य को ग्रहण करने से इंकार कर दिया हो तो जो ग्रहण किये जाना चाहिये था, या

(ख) जहां अतिरिक्त साक्ष्य प्रस्तुत करने की प्रार्थना करने वाला पक्षकार यह सिद्ध कर देता है कि सम्यक् तत्परता बरते जाने पर भी ऐसा साक्ष्य उनकी जानकारी में नहीं था या, सम्यक् तत्परता बरते जाने के पश्चात् भी वह उस समय उसके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सकता था जब वह आदेश पारित किया गया था जिसके विरुद्ध अपील की गई है, या

(ग) जब अधिकरण उसे आदेश घोषित करने में समर्थ बनाने के लिये, या किसी अन्य तात्विक कारण से, कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने या किसी साक्षी का परीक्षण करने की अपेक्षा करता है, या

(घ) जब अधिकरण का यह समाधान हो जाता है कि सक्षम प्राधिकारी ने मामले का विनिश्चय अपीलार्थी को उस विषय पर साक्ष्य प्रस्तुत करने का उचित अवसर प्रदान किये बिना किया है।

(2) अधिकरण जहां भी अतिरिक्त साक्ष्य प्रस्तुत करने की अनुज्ञा देता है वहां वह उसे ग्रहण करने के कारणों को लेखबद्ध करेगा।

15. अपील की सुनवाई—अपीलों की सुनवाई के प्रयोजनों के लिये अधिकरण की बैठक का स्थान खुला न्यायालय समझा जायगा जहां साधारणतः जनता की पहुंच वहां तक हो सकेगी जहां तक वहां उनके लिये सुविधाजनक स्थान है:

परन्तु अधिकरण, यदि वह ठीक समझता है तो, अपील की सुनवाई के किसी अनुक्रम पर यह आदेश कर सकता है कि साधारणतया जनता, या कोई व्यक्ति विशेष, अधिकरण द्वारा उपयोग किये जा रहे कक्ष या भवन में नहीं जायेगा या वहां नहीं रहेगा या सकेगा।

16. आदेश का सुनाया जाना--सुनवाई की समाप्ति पर अधिकरण तुरन्त अपना आदेश सुना सकेगा या अपने आदेश आरक्षित रखे जाते हैं तो अधिकरण अंतिम आदेश सुनाने के पूर्व किसी भी समय या तो स्वप्रेरणा से या किसी पक्षकार के आवेदन पर यह आदेश कर सकेगा कि अपील या अर्जी की पुनः सुनवाई की जाये।

17. आदेश का पक्षकारों को संसूचित किया जाना—अधिकरण का प्रत्येक आदेश लिखित में होगा और अधिकरण के प्रत्येक अंतिम आदेश की प्रति, जो रजिस्ट्रार द्वारा सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित की गई हो, पक्षकारों को, यथासंभव शीघ्र, निःशुल्क दी जायेगी।

18. आदेशों पर हस्ताक्षर —(1) यदि विनिश्चय पर अधिकरण के सभी सदस्य सहमत हों तो अधिकरण के सभी सदस्यों द्वारा एक ही आदेश पर हस्ताक्षर किये जायेंगे।

(2) जहां राय भिन्न हों, वहां विनिश्चय अधिकरण के सदस्यों के बहुमत द्वारा किया जायेगा।

(3) जो सदस्य बहुमत के विनिश्चय से सहमत नहीं है वह असहमति का आदेश पृथक दे सकेगा।

(4) बहुमत का विनिश्चय लिखित रूप में दिया जायेगा और उस पर सभी सदस्यों द्वारा, जिनमें असहमत सदस्य भी भी हैं, हस्ताक्षर किये जायेंगे।

19. आदेशों का प्रकाशन—अधिकरण के ऐसे आदेश जिन्हें किसी प्राधिकृत रिपोर्ट या समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के लिये उपयुक्त समझा जाता है, ऐसे प्रकाशन के लिये, ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जो अधिकरण अधिकथित करे, दिये जा सकेंगे।

20. कतिपय मामलों में आदेश और निदेश—इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी अधिकरण अपने आदेशों को प्रभावी करने के लिये या अपनी आदेशिकाओं का दुरुपयोग निवारित करने के लिये या न्याय के उद्देश्यों को सुनिश्चित करने के लिये ऐसे आदेश या निदेश दे सकेगा जिसे वह आवश्यक या समीचीन समझें।

21. निरसन और व्यावृत्ति—(1) तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण) नियम, 1977 निरसित किये जाते हैं।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, उपनियम (1) में निर्दिष्ट नियमों में से किसी के उपबन्धों के अधीन की गई कोई बात या कार्रवाई समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1986 के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन की गई समझी जायेगी।

प्ररूप

(नियम 5 और 6 देखिए)

समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण, नई दिल्ली के समक्ष

अपील का ज्ञापन

[तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976 की धारा 12]

---

19 का स०स०अ०सं०/प्र०अ०सं०

(अपील अधिकरण के कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

श्री/श्रीमती————————— अपीलार्थी

————————————

————————————

बनाम

(1) सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली/*बम्बई/कलकत्ता/मद्रास/अहमदाबाद —प्रत्यर्थी

(2) अन्य प्रत्यर्थी, यदि कोई हैं——————————

1. वह प्राधिकारी जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की गई है। : सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली/*बम्बई/कलकत्ता/मद्रास/अहमदाबाद

2. आदेश की तारीख :

3. आदेश की तामील की तारीख :

4. विनिर्दिष्ट करें कि सुनवाई व्यक्तिगत रूप से वांछित है या प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से। :

5. अपीलार्थी का रजिस्ट्रीकृत पता (जिसके अन्तर्गत फोन नं०, यदि कोई है) जिस पर सभी सूचनायें, आदेशिकायें और संसूचनायें तामील की जायेंगी। :

6. प्रत्यर्थी का पता : (1) सक्षम प्राधिकारी नई दिल्ली/*बम्बई/कलकत्ता/मद्रास/अहमदाबाद।

: (2) अन्य प्रत्यर्थी, यदि कोई हैं ——————

————————

————————

7. तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (सम्पत्ति समपहरण) अधिनियम, 1976 की वह धारा या धारा की उपधारा जिसके अधीन सक्षम प्राधिकारी ने आदेश किये हैं और जिसके विरुद्ध अपील की गई है। :

8. वांछित अनुतोष :

(1) क्या पूरा आदेश विवादग्रस्त है

(2) यदि सम्पत्ति की केवल कुछ मदें विवादग्रस्त हैं तो उन्हें उपाबन्ध में दीजिये।

9. अपील के आधार (यदि स्थान पर्याप्त नहीं है तो प्रथम पृष्ठ लगाइये)

————————————

(हस्ताक्षर अपीलार्थी)

————————————

(हस्ताक्षर प्राधिकृत प्रतिनिधि यदि कोई है)

सत्यापन

मैं,————————————————, अपीलार्थी/अपीलार्थी का प्राधिकृत प्रतिनिधि घोषित करता हूं कि ऊपर जो कुछ कहा गया है वह मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है।

आज तारीख————————को सत्यापित किया।

स्थान :——————————(अपीलार्थी या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि

तारीख :—————————— के हस्ताक्षर)

*जो लागू न होता हो उसको काट दीजिए।

टिप्पण : 1. अपील का ज्ञापन चार प्रतियों में दाखिल किया जाना चाहिये और उसके साथ उस आदेश की, जिसके विरुद्ध अपील की गई है, चार प्रतियां होंगी (जिनमें से एक उस आदेश की, जिसके विरुद्ध अपील की गई है अपीलार्थी पर तामील की गई मूल प्रति या उसकी प्रमाणित प्रति होगी)। सभी संलग्नक भी चार प्रतियों में होंगे।

2. अपील का ज्ञापन अंग्रेजी या हिन्दी में लिखा जाना चाहिये और उसमें अपील के आधार संक्षिप्त और भिन्न शीर्षों के अधीन दिये जाने चाहिये तथा उसमें कोई तर्क या विवरण नहीं दिये जाने चाहिए और ऐसे आधारों को क्रमानुसार संख्यांकित किया जाना चाहिये।

3. अन्य ब्यौरों के लिये कृपया समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1986 देखें।

[फा०सं० 91/सामान्य/ससमअ/86]

समपहृत सम्पत्ति अपील अधिकरण के आदेश से,

बी० चक्रवर्ती, रजिस्ट्रार

APPELLATE TRIBUNAL FOR FORFEITED PROPERTY

New Delhi, the 14th April, 1986

S.O. 1547.—In exercise of the powers conferred by sub-section (7) of section 12 of the Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976 (13 of 1976), the Appellate Tribunal for Forfeited Property hereby makes the following rules, namely :—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Appellate Tribunal for Forfeited Property (Procedure) Rules, 1986.

(2) They shall come into force at once.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires—

(a) "Act" means the Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976 (13 of 1976);

(b) "appeal" means an appeal filed under sub-section (4) of section 12;

(c) "appellant" means a person who, being aggrieved by an order made by the competent authority, prefers an appeal to the Tribunal, and includes the authorised representative of the appellant;

(d) "authorised representative" means—

(i) in relation to an appellant,

(A) any person being a relative of, or a person who is, or was, regularly employed by the appellant and authorised in writing by the appellant to attend before the Tribunal; or

(B) a legal practitioner entitled to practise in any civil court in India, who is authorised in writing by the appellant to attend before the Tribunal; or

(C) an accountant, being a member of the Institute of Chartered Accountants of India constituted under section 3 of the Chartered Accountants Act, 1949 (38 of 1949) or the Institute of Cost and Works Accountants of India constituted under section 3 of the Cost and Works Accountants Act, 1959 (23 of 1959), who is authorised in writing by the appellant to attend before the Tribunal, or

(ii) in relation to a competent authority who is a party to any proceedings before the Tribunal:

(A) a Law Officer of the Central Government;

(B) a Government Pleader or Standing Counsel to the Central Government by whatever name called;

(C) any Officer of the Central Government notified in this behalf by the Central Government by notification in the Official Gazette;

(D) any legal practitioner or Officer of the Central Government authorised in this behalf by the Central Government or the competent authority;

(E) any other legal practitioner or Officer of the Central Government acting on behalf of the person so notified or authorised;

(e) "Bench" means a Bench of the Tribunal constituted under sub-section (6) or (6A) of section 12;

(f) "Chairman" means the Chairman of the Tribunal;

(g) "competent authority" means a competent authority as defined in clause (b) of sub-section (1) of section 3;

(h) "legal representative" means a person who in law represents the estate of a deceased person, and includes any person treated by the Tribunal as representing the deceased person in the proceedings pending before the Tribunal;

(i) "member" means a member of the Tribunal and includes the Chairman;

(j) "party" in relation to an appeal, means an appellant or the respondent and the expression "parties" shall be construed to mean the appellant and the respondent;

(k) "registrar" means the registrar of the Tribunal and includes such other officer who is authorised by the Chairman to perform the functions of the registrar;

(l) "section" means a section of the Act;

(m) "Tribunal" means the Appellate Tribunal for Forfeited Property, constituted by the Central Government under sub-section (1) of section 12.

3. Language of the Tribunal.—(1) The pleadings before the Tribunal may, at the option of the respective parties, be in English or in Hindi.

(2) All orders and other proceedings of the Tribunal may, at the option of the Tribunal, be in English or in Hindi.

4. Headquarters of the Tribunal, etc.—(1) The headquarters of the Tribunal shall be at New Delhi.

(2) Appeals and petitions may be heard at the headquarters or at the discretion of the Chairman at Bombay, Madras, Calcutta, Ahmedabad, or any other place.

(3) The office of the Tribunal shall observe such public and other holidays as are observed by the offices of the Central Government.

5. Procedure for filing appeals and petitions.—(1) Any person aggrieved by an order of the competent authority made under section 7 or sub-section (1) of section 9 or section 10 of the Act may prefer an appeal to the Tribunal and every memorandum of appeal shall be in the form annexed to these rules.

(2) A memorandum of appeal shall be in English or in Hindi and shall set forth concisely and under distinct heads the grounds of appeal without any argument or narrative and such grounds shall be numbered consecutively.

(3) Every memorandum of appeal or petition shall be in quadruplicate and in the case of a memorandum of appeal it shall be accompanied by four copies of the order appealed against and one of such copies shall be a certified copy of such order, or the order served on the appellant.

(4) The address given at serial number 5 of the form appended to these rules as referred to in sub-rule (1) shall be called the "registered address" of the appellant and shall until duly changed by an application to the Tribunal be deemed to be the address of the appellant for the purpose of the service of all notices, processes and other communications in the appeal and other connected proceedings till the final determination of the appeal and a period of two years thereafter.

(5) In every appeal, the competent authority which passed the order appealed against, shall be impleaded as one of the respondents.

(6) A memorandum of appeal shall be presented by the appellant in person or when there are more appellants than one by any one of them or by his authorised representative to the registrar or such other officer as may be authorised in this behalf by the Chairman or may be sent by registered post addressed to the registrar.

Explanation.—In this sub-rule, the expression "authorised representative" shall include any person in the employment of a legal practitioner or an accountant who is authorised to appear on behalf of the appellant.

(7) When a memorandum of appeal is sent by registered post, the date of receipt of the said memorandum at the office of the Tribunal shall be the date of filing of the appeal and the registrar shall on every memorandum of appeal, endorse the date on which it is presented or received at the office of the Tribunal and shall sign the endorsement.

(8) When an appeal is presented after the expiry of forty-five days of the receipt of the order served upon the appellant but not after sixty days, it shall be accompanied by an application supported by an affidavit setting forth the facts on which the appellant relies to satisfy the Tribunal that he had sufficient cause for not preferring the appeal within forty-five days.

(9) Every petition presented to the Tribunal including a petition for stay other than petitions of a formal or routine character, shall be accompanied by an affidavit as also copies of such documents as are relied on in support of the petition.

6. Procedure for registration of appeals.—(1) Every memorandum of appeal filed within forty-five days of service of the order of the competent authority, being in the form annexed to these rules and otherwise in order, shall be registered in a book kept for the purpose called the Register of Appeals and the registrar shall intimate the appellant or his authorised representative accordingly.

(2) If a memorandum of appeal filed under sub-rule (1) is defective, but the defects are minor or technical in character, the registrar may register the appeal provisionally and call upon the appellant to remove the defects within such time as may be specified and upon the defects being removed within such specified time, the registration shall cease to be provisional and the appeal shall be deemed to have been regularly registered under sub-rule (1).

(3) When the memorandum of appeal is presented after the expiry of forty-five days but within a period of sixty days after the date of service of the order of the competent authority, and is otherwise in order, and is accompanied by a petition for condonation of delay, it shall be numbered and registered provisionally subject to the delay being condoned by the Tribunal after notice to the respondent and after hearing the parties, if the Tribunal considers that the appellant was prevented by sufficient cause from filing the appeal in time and condones the delay, the registration shall cease to be provisional and the appeal dealt with as though it had been registered under sub-rule (1).

(4) When the memorandum of appeal is presented after the expiry of forty-five days but within a period of sixty days after the date of service of the order of the competent authority, and is not accompanied by a petition for condonation of delay, the registrar may register the appeal provisionally and call upon the appellant to file a petition for condonation of delay within such time as may be specified and in the event of such a petition being received, it shall be treated as having been received alongwith the memorandum of appeal and the appeal dealt with in the manner prescribed in sub-rule (3).

(5) When the defects are not removed or a petition for condonation of delay is not filed within the time specified in that behalf, the matter shall be placed before the Tribunal for its orders.

(6) Where a memorandum of appeal is defective in material particulars, the registrar may specify the defects and return it for being amended and represented after remedying them and when the memorandum of appeal is represented, it shall be dealt with in accordance with these rules.

(7) When a memorandum of appeal on the face of it appears to have been filed more than sixty days after the date of service of the order of the competent authority on the appellant, the appeal shall not be registered but the appellant shall be called upon by the registrar to show cause why the appeal should not be dismissed as being out of time.

8. Every petition for condonation of delay and every memorandum of appeal filed out of time shall be placed before the Chairman who may direct the petition/appeal to be posted before the Tribunal for its orders.

7. Procedure after registration of appeal.—(1) After an appeal is registered, one copy of the memorandum of appeal and annexures thereto shall be served, as soon as possible, on the competent authority either by registered post acknowledgement due, or through a messenger and the parties shall be called upon to file their paper-books within a period of thirty days from the date of receipt of the notice or such further time as may be allowed.

(2) Each party shall file four copies of his paper-book which shall—

(i) be legibly typed or otherwise reproduced by mechanical means;

(ii) contain all documents upon which a party proposes to rely during the course of hearing;

(iii) contain only such documents and material as have been referred to, produced or relied upon before the competent authority;

(iv) have pages numbered serially; and

(v) contain a full index or table of contents.

(3) If the paper-book referred to in sub-rule (2) contains any document in a language other than English or Hindi, a true translation thereof in English or Hindi shall be added.

(4) The parties shall be informed of the date and place of hearing of the appeal either by registered post acknowledgement due or by notice served on them through messenger:

Provided that where the parties are present before the Tribunal, it may inform them orally of the date and place of hearing of the appeal.

(5) Any petition for summoning witnesses or documents filed by a party may be heard, if necessary, after giving notice to the other party.

(6) Every requisition, direction, letter, authorisation, or written notice to be issued by the Tribunal shall be signed by the registrar and shall be sent by registered post acknowledgement due or through a messenger.

8. Joint hearing and disposal of appeals.—The Tribunal may, whenever it considers necessary or expedient to do so, hear one or more appeals together and dispose of them by a common order.

9. Grounds which may be taken in appeal.—The appellant shall not, except with the leave of the Tribunal, urge or be heard in support of any ground not set forth in the memorandum of appeal but the Tribunal, in deciding the appeal, shall not be confined to the grounds set forth in the memorandum of appeal or taken with the leave of the Tribunal under this rule:

Provided that the Tribunal shall not rest its decision on any ground other than the grounds set forth in the memorandum of appeal unless the party which may be affected thereby has had a reasonable opportunity of being heard on that ground.

10. Adjournment.—The Tribunal may adjourn the hearing of any case to any other date and inform the parties of the next date and place of hearing of the case.

11. Dismissal of appeal for appellant's default.—Where on the day fixed for hearing or on any other day to which the hearing may be adjourned, the appellant does not appear when the appeal is called on for hearing, the Tribunal may either dismiss the appeal for default or proceed ex-parte:

Provided that where the appeal has been dismissed for default or proceeded with ex-parte and the appellant appears thereafter and satisfies the Tribunal that there was sufficient cause for his non-appearance when the appeal was called on for hearing, the Tribunal shall, after giving notice to the respondent, make an order setting aside the dismissal order or the ex-parte proceedings and restoring the appeal to its original number.

12. Effect of death, insolvency, etc. on appeal.—(1) An appeal shall not abate by reason only of the death of an appellant or on his adjudication as an isolvent.

(2) The Tribunal may on an application made in this behalf by the legal representative of the deceased appellant make him a party and proceed with the appeal.

(3) When no application is made within ninety days of the death of an appellant or within such further time as the Tribunal may allow for bringing his legal representative on record, the appeal shall abate.

(4) On the insolvency of an appellant, the appeal may be continued by the assignee or the receiver for the benefit of creditors and if the assignee or the receiver fails to continue the appeal, the Tribunal may on its own motion or on the application of the respondent, dismiss the appeal.

13. Remand of case by the Tribunal.—(1) The Tribunal may, whenever it considers it necessary, set aside an order of the competent authority and remand the case to the competent authority for fresh determination in the light of such directions as it may give.

(2) The Tribunal may if it considers necessary at any stage of the proceedings call for a report or finding from the competent authority on such matters as it may specify.

(3) A copy of any such report or finding referred to under sub-rule (2) shall be furnished to the parties and they shall be heard thereon before the Tribunal pronounces final orders.

14. Production of additional evidence before the Tribunal.—(1) The parties to an appeal shall not be entitled to

produce additional evidence, whether oral or documentary, before the Tribunal, but, however, where—

(a) the competent authority from whose order the appeal is preferred has refused to admit evidence which ought to have been admitted, or

(b) the party seeking to produce additional evidence, establishes that notwithstanding the exercise of due diligence, such evidence was not within his knowledge or could not, after the exercise of due diligence, be produced by him at the time when the order appealed against was passed, or

(c) the Tribunal requires any document to be produced or any witness tools be examined to enable it to pronounce orders, or for any other substantial cause, or

(d) the Tribunal is satisfied that the competent authority has decided the case without giving a reasonable opportunity to the appellant to adduce evidence on any point,

it may allow such evidence or document to be produced, or witness to be examined.

(2) Wherever additional evidence is allowed to be produced by the Tribunal, it shall record the reason for its admission.

15. Hearing of appeals.—The places in which the Tribunal sits for the purpose of hearing appeals shall be deemed to be an open court, to which the public generally may have access so far as the same can conveniently contain them :

Provided that the Tribunal may, if it thinks fit, order at any stage of the hearing of an appeal, that the public generally, or any particular person, shall not have access to, or be or remain in, the room or building used by the Tribunal.

16. Pronouncement of order.—After the hearing is over, the Tribunal may pronounce its orders forthwith, or it may reserve its orders and if the orders are reserve, the Tribunal may at any time before final orders are pronounced either on its own motion or on the application of a party order that the appeal or petition be re-heard.

17. Order to be communicated to parties.—Every order of the Tribunal shall be in writing and a copy of every final order of the Tribunal certified as a true copy by the registrar shall be supplied free of cost to the parties as early as possible.

18. Signing of orders.—(1) Where the decision of the Tribunal is unanimous, a common order shall be signed by all the members of the Tribunal.

(2) Where there is a difference of opinion, the decision shall be in accordance with the decision of the majority of the members of the Tribunal.

(3) A member who does not concur with the decision of the majority may deliver a dissenting order.

(4) The decision of the majority shall be reduced to writing and signed by all the members including the dissenting member.

19. Publication of orders.—Such of the orders of the Tribunal as are deemed fit for publication in any authoritative report or the press may be released for such publication on such terms and conditions as the Tribunal may lay down.

20. Orders and directions in certain cases.—Notwithstanding anything contained in these rules, the Tribunal may make such orders or give such directions as may be necessary or expedient to give effect to its orders or to prevent abuse of its process or to secure the end of justice.

21. Repeal and saving.—(1) The Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Appellate Tribunal for Forfeited Property) Rules, 1977, are hereby repealed.

(2) Notwithstanding such repeal, anything done or any action taken under the provisions of any of the rules referred to in sub-rule (1), shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of the Appellate Tribunal for Forfeited Property (Procedure) Rules, 1986.

FORM

(See rules 5 and 6)

BEFORE THE APPELLATE TRIBUNAL FOR FORFEITED PROPERTY, NEW DELHI

MEMORANDUM OF APPEAL

[Section 12 of the Smugglers and Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976]

F.P.A.No./M.P.No. of 19

To be filled up by the office of the Appellate Tribunal

IN THE MATTER OF

Shri/Smt. _____ APPELLANT.

Vs.

(i) The Competent Authority, New Delhi*/Bomnay/Calcutta/Madras/Ahmedabad. RESPONDENTS.

(ii) Other respondents, if any _____

1. Authority passing the order appealed against. : Competent Authority, New Delhi*/Bombay/Calcutta/Madras/Ahmedabad.
2. Date of the order.
3. Date of service of the order.
4. Specify whether a hearing in person or through an authorised representative is desired.
5. Registered address of the appellant (including telephone No., if any) for the service of all notices, processes and communications:
6. Address of the Respondent. (i) The Competent Authority, New Delhi*/Bombay/Calcutta/Madras/Ahmedabad.
   (ii) Other respondents, if any.
7. Section or sub-section of the section of the Smugglers & Foreign Exchange Manipulators (Forfeiture of Property) Act, 1976, under which the Competent Authority passed the order and which is appealed against:

8. Relief claimed:

(i) Specify whether the entire order is disputed:

